Regarding setting up of floating solar plants in areas affected by water logging in Saran and Siwan districts of Bihar

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज, बिहार राज्यग के सिवान और सारण जिला में बंटा हुआ है। इन दोनों जिलों के कई प्रखंडों की हजारों एकड़ जमीन में बारहों मास जल?जमाव रहता है। जल-जमाव रहने के कारण किसान इन जमीनों में खेती नहीं कर पाते और मत्य्रण पालक मत्य्न पालन भी नहीं कर पाते। इस परिस्थिति में इस जल-जमाव वाले बड़े क्षेत्र में फ्लोटिंग सौर उर्जा संयंत्र लगाकर बिजली उत्पानदन किया जा सकता है तथा इससे उत्पाइदित बिजली को डिस्ट्री ब्यूाट कर हमारे संसदीय क्षेत्र सहित आस-पास के क्षेत्रों की जनता को इसका लाभ दिलाया जा सकता है। अत: विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज के सारण और सिवान जिलों में जल-जमाव वाली हजारों एकड़ जमीन में तैरता सौर उर्जा संयंत्र लगवाया जाये जिससे कि बिजली की कमी को दूर किया जा सके।